भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2618
(19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

राजस्थान में मनरेगा योजना के लाभार्थी

2618. श्रीमती जसकौर मीना:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राजस्थान में मनरेगा योजना के लाभार्थियों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना को सुदृढ़ करने, विशेषकर बेरोजगार ग्रामीण लोगों के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में (दिनांक 14.12.2023 तक) महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत राजस्थान राज्य में किए गए व्यय (राज्य अंश सहित) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्त वर्ष	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
राजस्थान में किया गया व्यय (राज्य अंश सहित) [रु. करोड़ में]	9,798.38	10,454.42	10,186.31	6,170.44

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

(ख): पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 15.12.2023 तक) में राजस्थान राज्य में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों का जिलेवार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): महात्मा गांधी नरेगा योजना एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है जो देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के लिए प्रत्येक परिवार जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम कार्य करने के इच्छुक हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करती है।

योजना के प्रावधानों के विषय में जागरूकता पैदा करने और महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त आजीविका अवसर प्रदान करने के लिए, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया गया है कि वे (i) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा, 2005) के प्रावधानों के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार पर पेंटिंग सहित उपयुक्त सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान शुरू करें (ii) यह सुनिश्चित करने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत कार्य की मांग अपंजीकृत न रह जाए, मांग पंजीकरण प्रणाली के कार्यक्षेत्र और कवरेज का विस्तार करें। (iii) भागीदारीपूर्ण पद्धति में योजनाएँ तैयार करें और उन्हें ग्राम सभा में अनुमोदित करें। (iv) 'रोजगार दिवस' का आयोजन करें।

लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2618 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में (दिनांक 15.12.2023 तक) महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत राजस्थान राज्य में रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों का जिलेवार ब्यौरा					
क्र.सं.	जिले	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	अजमेर	361177	362786	349803	315224
2	अलवर	183112	163843	129617	105564
3	बांसवाड़ा	374597	386481	348243	346823
4	बारां	166075	135145	138061	101306
5	बाड़मेर	480742	498840	415473	323337
6	भरतपुर	169779	126105	103502	77372
7	भीलवाड़ा	448777	407700	405662	384981
8	बीकानेर	256807	235033	209236	201071
9	बूंदी	156789	127432	119483	99787
10	चित्तौड़गढ़	159744	137719	121076	103703
11	चुरू	243987	206706	179493	137355
12	दौसा	113791	97032	82873	50424
13	धौलपुर	123963	95530	80599	72977
14	डूंगरपुर	335522	341220	316792	320770
15	हनुमानगढ़	177787	178957	164988	148406
16	जयपुर	248061	212743	160396	114906
17	जैसलमेर	112576	129989	108174	105538
18	जालौर	220048	196304	166269	121422
19	झालावाड़	273831	254400	258770	247906
20	झुंझुनूं	78781	68005	56694	39225
21	जोधपुर	371052	382338	332134	259299
22	करौली	137601	130179	131951	99997
23	कोटा	115619	100252	101186	91048
24	नागौर	431227	458703	404585	338024
25	पाली	265391	245884	215954	157473
26	प्रतापगढ़	165116	178120	180619	168495
27	राजसमंद	182148	180188	157687	145661
28	सवाई माधोपुर	163622	119030	109954	72704
29	सीकर	114567	89888	77762	64145
30	सिरोही	136149	128975	112168	98694
31	श्रीगंगानगर	227971	229017	197228	196970
32	टोंक	185387	145859	119428	99049
33	उदयपुर	360740	329974	289996	263544
	कुल	**75,42,536**	**70,80,377**	**63,45,856**	**54,73,200**

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

*****